### अरगोड़ा चौक के निकट मोहन कॉम्प्लेक्स में खुला भाजपा का मीडिया सेंटर

# जीवन में बुनियादी परिवर्तन लाना ही भाजपा का उद्देश्य : बाबूलाल मरांडी

- **भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष ने कहा- थर्ड और फोर्थ ग्रेड के पदों पर झारखंड के लोगों की ही होगी नियुक्ति**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** भाजपा के मीडिया सेंटर का अरगोड़ा चौक के निकट मोहन कॉम्प्लेक्स में उदघाटन बुधवार को बाबूलाल मरांडी ने किया। इस अवसर पर कार्यकारी अध्यक्ष डॉ रवींद्र राय और केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ भी उपस्थित थे। इस अवसर पर बाबूलाल मरांडी ने कहा कि पंच प्रण भाजपा की प्रतिबद्धता है। सरकार बनने पर इसे हर हाल में लागू किया जायेगा। उन्होंने कहा कि गोगो दीदी योजना महिलाओं के सशक्तिकरण के लिये है। राज्य में एनडीए की सरकार बनते ही गोगो दीदी योजना लागू की जायेगी।

उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार की तरह भाजपा का यह चुनावी एजेंडा नहीं है। हेमंत सरकार चुनाव आने पर महिलाओं को 1000 रुपए महीना देना शुरू की। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की गोगो दीदी योजना के तहत प्रति महीना 2100 रुपए देने की घोषणा करने के बाद झामुमो ने आनन-फानन में इसे बढ़ाकर 2500 रुपये करने का ऐलान कर दिया। अब हेमंत सोरेन चुनावी सभा में महिलाओं को हर साल 1 लाख रुपए देने की बात कह रहे हैं। हेमंत सोरेन इस मामले में खुद ही स्पष्ट नहीं हैं कि वह क्या करेंगे। ऐसे में आम लोग उन पर भरोसा नहीं कर पायेंगे। हेमंत सोरेन हताशा में हैं।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वादा किया था कि 70 साल से अधिक उम्र के सभी बुजुर्गों को 5 लाख रुपये तक इलाज की सुविधा मुफ्त दी जायेगी। उन्होंने धनतेरस के दिन इसे लागू कर दिया। भारतीय जनता पार्टी की सोच जनता को जीवन में मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि राज्य के गरीबों को 21 लाख घर दिया जायेगा। जरूरतमंदों को घर बनाने के लिए मुफ्त बालू भी दिया जायेगा। उन्होंने कहा कि उनका प्रयास होगा कि थर्ड और फोर्थ ग्रेड की नौकरी झारखंड के लोगों को ही मिले। कार्यकारी अध्यक्ष डॉ रवींद्र राय ने कहा कि भाजपा लोगों को शिक्षा और सामाजिक सौहार्द की गारंटी देती है। समाज को बांटने पर रोक लगाई जायेगी।

इस अवसर पर शिवपूजन पाठक, प्रदीप सिन्हा, प्रतुल शाहदेव, अजय साह, तारिक इमरान, प्रिंस कुमार भी मौजूद थे।

# रांची पुलिस ने फ्लैग मार्च कर मतदाताओं को किया जागरूक



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** विधानसभा चुनाव को लेकर रांची पुलिस ने बुधवार को फ्लैग मार्च निकाला। सिटी एसपी राजकुमार मेहता के नेतृत्व में सहजानंद चौक से कडरू तक मतदाताओं में विश्वास जगाने और शांतिपूर्ण चुनाव को लेकर फ्लैग मार्च निकाला गया। सिटी एसपी के अलावा यूपी पुलिस के इंस्पेक्टर और अरगोड़ा थाना प्रभारी समेत कई पुलिस पदाधिकारी और जवान शामिल थे। रांची शहर में दूसरे अन्य जगहों पर भी फ्लैग मार्च निकाला गया। गौरतलब है कि झारखंड विधानसभा चुनाव दो चरणों में होगा। पहला चरण 13 नवंबर को और दूसरा चरण 20 नवंबर को होगा। पहले चरण में 13 जिलों की 30 सीटों पर मतदान होगा। जबकि दूसरे चरण में 16 जिलों की 36 सीटों पर वोट डाले जायेंगे। चुनाव के नतीजे 23 नवंबर को आयेंगे।

## एनएमएल मुख्यालय में सतर्कता जागरुकता सप्ताह शुरू

**रांची।** एनटीपीसी माइनिंग लिमिटेड (एनएमएल) मुख्यालय में बुधवार को सतर्कता जागरुकता सप्ताह शुरू किया गया। इस दौरान एनएमएल के सीईओ अनिमेष जैन ने अखंडता प्रतिज्ञा समारोह की अगुवाई की। कर्मचारियों को केंद्रीय सतर्कता आयोग की वेबसाइट पर जाकर ई-शपथ लेने के लिए प्रोत्साहित किया गया। कर्मियों और उनके परिवार के लिए निबंध, स्लोगन प्रतियोगिता की योजना बनाई गई। स्कूली बच्चों के लिए पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई।

# पर्यावरण बचाना सबकी जिम्मेवारी : हिमंता

- **राजश्री जयंती की लिखित पुस्तक का लोकार्पण**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** बुधवार को डॉक्टर राजश्री जयंती की लिखित पुस्तक आवर इन्वायरमेंट फ्रॉम रिगवेद टू गांधी का लोकार्पण असम के सीएम हिमंता बिश्व सरमा ने किया। यह आयोजन रांची प्रेस क्लब में किया गया था। श्री सरमा ने कहा कि यह पुस्तक आज के संदर्भ में और भी महत्वपूर्ण है। आने वाली पीढ़ियों के लिये यह नितांत ही सार्थक पुस्तक है। विशिष्ट अतिथि बलबीर दत्त ने कहा कि जल, जंगल, जमीन की चिंता करना हमारा ही दायित्व है। उन्होंने कहा कि जब इंसान ने ईश्वर से पूछा प्रलय कब आयेगा तो ईश्वर ने कहा यह तो मुझसे अधिक तुम समझ सकते हो। यह तुम्हारे किये का नतीजा है। डॉक्टर रवीन्द्र राय ने कहा कि पर्यावरण को नष्ट करने का अर्थ है, हम खुद के लिए गड्ढा खोद रहे हैं। बालमुकुंद ने स्वच्छता की ओर ध्यान दिलाते हुए कहा कि आज स्वच्छता अभियान में बच्चों की बहुत ही उल्लेखनीय भागीदारी है। बैंगलुरू से आई डॉक्टर जयदीपा ने राजश्री की इस पुस्तक की महत्ता को हमारी पुरानी संस्कृति से जोड़ा। समारोह को संदीप वर्मा ने भी संबोधित किया। संचालन कुमार संजय ने और धन्यवाद ज्ञापन मुक्ति शहदेव ने किया। मौके पर सुरेन्द्र नीलम, रजनी शर्मा, रेणु झा, चंद्र दीप, शोभना जयंती, सुनीता, ओम प्रकाश असित सेन सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# भाजपा के बागी मुनचुन राय और संदीप वर्मा ने लिया नामांकन वापस

## रांची विधानसभा क्षेत्र से अब सीपी सिंह का रास्ता हुआ आसान

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** भाजपा से बगावत कर रांची विधानसभा चुनाव क्षेत्र से चुनाव लड़ने को लेकर नामांकन करने वाले मुनचुन राय और संदीप वर्मा ने नाम वापस ले लिया है। भाजपा के लिए यह राहत भरी खबर है। भाजपा की रणनीति काम आई और चुनाव लड़ने पर अड़े मुनचुन राय और संदीप वर्मा मान गए।

खासकर मुनचुन राय के चुनाव मैदान से हटने की खबर को महत्वपूर्ण माना जा रहा है। क्योंकि मुनचुन राय यदि चुनाव मैदान में रहते तो भाजपा के गढ़ चुटिया में परेशानी पैदा करते। मुनचुन राय के समर्थकों की संख्या अधिक है। वह सक्षम भी हैं।

मुनचुन राय को मनाने की कोशिश पिछले कई दिनों से हो रही थी। आखिरकार उन्होंने सस्पेंस खत्म करते हुए बुधवार को अपना नाम वापस ले लिया। मुनचुन राय की नाराजगी दूर करने के लिए केंद्रीय कृषि मंत्री और झारखंड के चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान, सांसद व रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ और भाजपा प्रत्याशी सीपी सिंह खुद उनके घर गए। उनसे खुलकर बात की और उनकी नाराजगी दूर करने में सफलता मिली। पार्टी में मान सम्मान दिए जाने का भरोसा मुनचुन राय को दिया गया है। मुनचुन राय पर एक तरफ चुनाव मैदान से हटने का दबाव था तो दूसरी ओर मैदान में रहने के लिए भी खूब प्रेशर डाला गया। प्रेशर ऐसा था कि मुनचुन राय को फैसला लेने में तीन-चार दिनों का समय लग गया। आखिरकार उन्होंने अपने लोगों की बात मानी और भाजपा में बने रहने का फैसला लिया।

इधर भाजपा के खिलाफ बगावत करने वाले संदीप वर्मा भी मान गए। संदीप वर्मा को मनाने असम के मुख्यमंत्री हिमंता विश्व सरमा और राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश उनके घर गए थे। कांके से नामांकन करने वाले कमलेश राम भी चुनाव मैदान से हट गए हैं। इस तरह भाजपा ने रांची और कांके में बागी नेताओं को मना लिया है।

### कोयला व्यवसायी के साथ मारपीट, सिर फोड़ा

**रांची।** कोयला व्यवसायी सह ईंट भट्ठा संचालक प्रदीप कुमार प्रसाद के साथ दो मालवाहक ऑटो से आये युवकों ने मारपीट की। इस मारपीट में प्रदीप कुमार का सिर फट गया है। व्यवसायी ओझा मार्केट जनक नगर के निवासी हैं। उनके साथ मुहल्ले में ही 29 अक्टूबर की रात मारपीट की गयी। इसकी सूचना पंडरा पुलिस को दी। पुलिस ने उन्हें इलाज के लिए सदर अस्पताल भेजा। इस मामले में बुधवार को प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस आरोपितों की गिरफ्तारी में जुट गयी है। व्यवसायी ने प्राथमिकी में लिखा है कि वे मंगलवार की रात 11:30 से 12:00 बजे की बीच पिस्कामोड़ से पूजा सामग्री और मिठाई खरीद कर कार से जनक नगर लौट रहे थे। इसी समय जनक नगर में ही पीछे से आये एक मालवाहक ऑटो ने कार को ओवरटेक कर वाहन कार के आगे लगा दिया। इसके थोड़ी बाद एक अन्य मालवाहक ऑटो में सवार कुछ और युवक पहुंचे और व्यवसायी को कार से बाहर निकालकर हमला कर दिया।

## दीपोत्सव पर आज राजधानी में छाये रहेंगे आंशिक बादल, सुबह में कोहरा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** राजधानी रांची के कई इलाकों में बुधवार को भी बारिश हुई। आकाश में बादल छाये रहे। राजधानी के अलावा दुमका और जामताड़ा जिले में भी बारिश हुई। दीपोत्सव यानी आज 31 अक्टूबर को राजधानी रांची समेत पूरे झारखंड में आकाश में आंशिक बादल छाए रह सकते हैं। सुबह में कोहरा या धुंध छाए रहने का अनुमान है। मौसम विभाग ने अपने पूर्वानुमान में बताया है कि गुरुवार यानी दीपावली के दिन झारखंड में सुबह में कोहरा या धुंध रहने का अनुमान है। बाद में आंशिक बादल छाए रहने की संभावना है। रांची के मौसम के मिजाज की बात करें, तो दीपोत्सव के मौके पर सुबह में कोहरा या धुंध रह सकती है। इसके बाद आंशिक बादल छाए रह सकते हैं। दिवाली के दिन रांची का अधिकतम तापमान 29 से 31 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 19 से 21 डिग्री सेल्सियस रह सकता है। मौसम विभाग का पूवार्नुमान है कि इस दिन झारखंड में 29 से 35 डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान रह सकता है और न्यूनतम तापमान 19 से 23 डिग्री सेल्सियस रहने का अनुमान है।

### बालाजी मंदिर में नरक से अभय प्राप्ति के लिये हुई तैलाभ्यंग सेवा

**रांची।** बालाजी मंदिर में बुधवार को नरक चतुर्दशी का पर्व पूरे विधि विधान से मनाया गया। इस दिन तेल मात्र में श्रीलक्ष्मी और जल मात्र में गंगा निवास करती हैं। इसलिये विशेष सुगंधित तेल जो केवल दक्षिण भारत के तमिलनाडू या तिरुपति क्षेत्र में ही मिलते हैं, उसी दुर्लभ तेल से भगवान के विग्रह में मार्जन कर पुन: उनके सीर से नख तक टपकाया गया और वही टपकते हुये महत्वपूर्ण दिव्य तेल भक्तों में बांटा गया। गुरूवार को भी बालाजी मंदिर में सुबह से आशीर्वाद प्रसाद स्वरुप यह तेल मिलेगा। मान्यता है कि भगवान को समर्पित उस तेल को सीर में धारण कर लेने से अपमृत्यु का भय नहीं रहता है। यमलोक नहीं देखना पड़ता है। भगवान श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर का रजनीगंधा और गुलाब के सुगंधित फूलराशियों से नयनानन्द दायक भव्य श्रृंगार हुआ। फिर प्रार्थी लोगों के अभीष्टों को पूर्ण करने वाले सनातन परमात्मा का नक्षत्र, कुंभ और कर्पूर से महाआरती हुई।

# भाजपा के भ्रामक प्रचार को मतदाता नाकार रहे हैं : किशोर शाहदेव

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष के उस बयान को हास्य पद बताया है, जिसमें उन्होंने 500 रुपये में गैस सिलेंडर देने की बात कही है। प्रदेश कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता लाल किशोर नाथ शाहदेव ने कहा कि जो भाजपा सरकार गैस सिलेंडर का मूल्य 400 से 1200 तक ले गई और महिलाओं के रसोई का बजट फेल कर दिया। वह चुनाव में वादा कर रहे हैं कि 500 रुपये में सिलेंडर दिया जाएगा और तो और साल में दो सिलेंडर मुफ्त भी दिया जाएगा। राज्य की जनता उनके बहकावे और वादों में भरोसा करने वाली नहीं है। जिसने जख्म दिया आज चुनाव में मरहम लगाने का वायदा कर रहे हैं।

- **हम पिछली बार से अधिक सीटों पर चुनाव जीतकर हम जनता की सेवा को वापसी करेंगे**



श्री शाहदेव ने कहा कि फिर से भाजपा घुसपैठियों का मुद्दा उठा रही है। जो आंकड़े दिए जा रहे हैं, वह सत्य से परे हैं। श्री शाहदेव ने कहा कि पूरे भारत में असम में एनआरसी लागू है। वहां के मुख्यमंत्री अब झारखंड में ही रहते हैं। आंकड़े तो उन्हें देना चाहिए। असम में एनआरसी के तहत कितने घुसपैठियों को चिन्हित किया और कितनों को असम से बाहर का रास्ता दिखाया गया। श्री शाहदेव ने कहा कि भाजपा अपने सभाओं में मतदाताओं का रुझान देखकर चिंतित है। लोगों का भरोसा अब भाजपा से उठ चुका है तो उनके वादों पर कौन भरोसा करेगा? श्री शाहदेव ने कहा कि द्वितीय चरण के चुनाव के लिए आज नामांकन का अंतिम दिन था। लोकतंत्र और संविधान की रक्षा के लिए झारखंड का मतदाता पूरी तरह इंडिया गठबंधन के पक्ष में मतदान करने के लिए तैयार है। हम पिछली बार से अधिक सीटों पर राज्य की जनता की सेवा करने के लिए वापसी कर रहे हैं।

# श्री श्याम मंदिर में दिवाली महापर्व अनुष्ठान का मुख्य समारोह आज

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** हरमू रोड श्रीश्याम मंदिर में तीन दिवसीय दीपावली महापर्व अनुष्ठान के दूसरे दिन बुधवार को शुद्ध घृत के दीपकों का प्रज्जवलित कर पूजन किया गया। श्रीश्याम मित्र मंडल द्वारा संचालित श्रीश्याम मंदिर दीपावली महोत्सव पर मंदिर का प्रवेश द्वार से कोना - कोना रोशनी से परिपूर्ण हैं। मंडल के प्रथम महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया ने बताया कि 50 मीटर की 200 व18 मीटर की भी 200 रंग -विरंगी लड़ियों से मंदिर को सजाया गया है। विधुत सज्जा हरमू रोड़ में दूर से ही मनोहारी लग रही हैं।

**मुख्य समारोह आज :** दीपावली पर्व का मुख्य समारोह गुरुवार को सायं 6 बजे से प्रारंभ होगा। इसके पहले खाटूनरेश को दीपावली महास्नान कराके केशर चंदन तिलक श्रृंगार किया जायेगा। पीला चमकदार पोशाक पहनाकर फूलों का विशेष श्रृंगार किया जायेगा। श्री नारसरिया ने बताया कि कोलकाता -बेगलोर आदि फूल की मंडी से अनेक प्रकार के विशेष फूल मंगाये गये हैं। दीपावली पर मंदिर का पट 11 बजे से सायं 5.30 बजे तक बंद रहेगा। रजत दीपक 31 तथा 1100 अन्य दीप जलाए जाएंगे। दीपमाला की शुरुआत मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी करेंगे। इस अवसर पर भक्तों में प्रसाद वितरित किया जायेया।

# शिव परिचर्चा में पहुंचे सीएम दिवाली की दी शुभकामनाएं



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** दीपावली की पूर्व संध्या पर अपनी पत्नी कल्पना मुर्मू सोरेन के साथ सीएम हेमंत सोरेन बुधवार को अचानक पुराने विधानसभा के समीप स्थित शिव मंदिर पहुंचे। वहां आयोजित शिव परिचर्चा में हिस्सा लिया। इस मौके पर सीएम ने राज्यवासियों को दीपावली की ढेर सारी शुभकामनाएं दी। साथ ही कहा जिस तरह हर साल दीपावली पर्व मनाया जाता है, इस बार भी उसी उत्सह के साथ मनाया जायें। राज्यवासी शांति और सदभाव से पर्व मनायें।

शिव परिचर्चा में भाग लेने के बाद श्री सोरेन ने मीडियाकर्मियों से बात करते हुए कहा कि इस स्थल पर पहले से ही आने का मन था। यह एक ऐसा स्थल है जहां लोगों की आस्था जुड़ी हुई है। कई दिनों से मेरे मन में यहां आने का विचार हो रहा था, मगर व्यस्तता की वजह से नहीं आ पा रहा था। उन्होंने कहा कि इस स्थल से मेरा और पूरे परिवार वालों की गहरी आस्था है। वे यहां पहले भी आते रहे हैं। सीएम के साथ उनकी पत्नी व कई स्थानीय नेता मौजूद थे।

# हटिया से सबसे अधिक 27 व तमाड़-रांची से 18-18 अभ्यर्थी चुनाव मैदान में

- **जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रांची ने दी जानकारी**
- **जहां 15 से अधिक अभ्यर्थी हैं वहां दो बैलट यूनिट प्रति मतदान केन्द्र पर होगा**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त, रांची वरुण रंजन ने बुधवार को कांके, रांची, हटिया, मांडर और तमाड़ विधानसभा क्षेत्र के निर्वाची पदाधिकारियों के साथ संयुक्त रूप से प्रेस कॉन्फ्रेंस किया। समाहरणालय स्थित उपायुक्त सभागार में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में वरुण रंजन ने उक्त सभी विधानसभा क्षेत्र में नाम वापसी समय पूर्ण होने के पश्चात प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ने वाले अभ्यर्थियों की संख्या के बारे में जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि विधानसभा क्षेत्र तमाड़ से 18, रांची से 18, हटिया से 27, कांके से 13 और मांडर से 17 अभ्यर्थी हैं।

वरुण रंजन ने बताया कि जिस विधानसभा क्षेत्र में अभ्यर्थियों की संख्या 15 से अधिक है वहां दो बैलट यूनिट प्रति मतदान केंद्र स्थापित किए जाएंगे। साथ ही सभी अभ्यर्थियों को व्यय तथा अन्य निर्वाचन संबंधित जानकारी समर्पित कोषांग द्वारा उपलब्ध करा दिए जाएंगे। जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि निर्वाचन प्रक्रिया में प्रयोग किए जाने वाले ईवीएम/वीवीपैट, मतदान कर्मियों को दिए जाने वाली सामग्री तथा नियुक्ति पत्र वाहन एवं अन्य संबंधित सामग्रियों का डिस्पैच बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम एवं मोरहाबादी मैदान, रांची से किया जाएगा।



प्रेस कांफ्रेंस के दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त वरुण रंजन ने बताया कि सभी मतदान दल अपने-अपने निर्धारित मतदान केंद्र/क्लस्टर पर मतदान दिवस से एक दिन पूर्व पहुंच जाएंगे। मतदान के पश्‍चात कुल 2080 मतदान केंद्रों के पोल्ड ईवीएम कृषि उत्पादन बाजार समिति, पंडरा स्थित बज्र गृह में रखा जाएगा। साथ ही उसमें से 27 मतदान केंद्रों के पोल्ड ईवीम को सुरक्षा के दृष्टिकोण से अगले दिन पूर्वाह्न तक ब्रज गृह में रखा जाएगा। सभी निवार्ची पदाधिकारी द्वारा अपने विधानसभा क्षेत्र से अभ्यर्थियों और उन्हें आवंटित चुनाव चिन्ह के संबंध में भी जानकारी दी गई।

### प्रत्याशियों को आवंटित किये जा रहे चुनाव चिन्ह

विधानसभा चुनाव 2024 में पहले चरण के मतदान के लिए रांची जिला के पांच विधानसभा क्षेत्र 58-तमाड़, 63-रांची, 64-हटिया, 65-कांके एवं 66-मांडर के लिए नाम वापसी की निर्धारित समय सीमा समाप्त होने के बाद प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह आवंटित किया गया। संबंधित निवार्ची पदाधिकारी के कार्यालय में अभ्यर्थियों को चुनाव चिन्ह आवंटित किया गया।

**मांडर विधानसभा :** कीर्ति सिंह मुंडा को हथौड़ा, हंसिया और सितारा, शिल्पी नेहा तिर्की को हाथ, सन्नी टोप्पो को कमल, सुखमणी तिग्गा को हाथी, कांता खलखो को कोट, गुना भगत को कैंची, जग्रे उरांव को हॉकी और बॉल, बिमला लोहा को हाण्डी, संजय महली को फलों से युक्त टोकरी, डॉ परमेश्वर भगत को एयरकंडीस्नर, विनोदित तिग्गा को बेन्च, विश्राम उरांव को अलमारी, रामलखन महली को सेब, रेखा देवी को कटहल, विकास ज्योति उरांव को ऑटो-रिक्सा, सुशील कुजूर को बेबी वॉकर मिला।

**तमाड़ विधानसभा :** विकास सिंह मुंडा को तीर कमान, सुरेश मुंडा को हथौड़ा, हांसिया और सितारा, उदारकांत सिंह मुंडा को बाल्टी, गोपाल कृष्ण पातर को गैस सिलेण्डर, दयामन्ती मुंडा को कैंची, प्रेम शंकर शाही मुंडा को हॉकी और बॉल, राज कुमार मुंडा को फलों से युक्त टोकरी, लखीन्द्र मुंडा को घड़ी, गुंजल इकिर मुंडा को ऑटो-रिक्सा, गुरुवा मुंडा को एयरकंडीशनर, जेहला टूटी को अलमारी, देवनंदन सिंह मुंडा को टेलीविजन, परमेश्वरी सान्डिल को चूड़ियां, बिट सिंह मुण्डा को सेब, रविन्द्र नाथ मुंडा को बेबी वॉकर, सचिन पातर को चारपाई, सिंगराय टूटी को फुटबॉल खिलाड़ी और हराधन सिंह मुंडा को अंगूठी छाप मिला।

**रांची विधानसभा :** अभय प्रताप सिंह को हाथी, चंद्रेश्वर प्रसाद सिंह को कमल, महुआ माजी को तीर-कमान, कुमार अभिषेक दूबे को फुटबॉल खिलाड़ी, गौतम राम को फलों से युक्त टोकरी, महताब आलम को पतंग, राजकिशोर महतो को कैंची, सुजीत कुमार वर्णवाल को प्रेशर कुकर, आलोक कुमार को हॉकी और बॉल, आयुष रंजन को आदमी व पाल युक्त नौका, एमतिशाम अली को हैलमेट, उतम यादव को ऑटो रिक्सा, रविन्द्र कुमार भारती को बॉल्टी, पवन कुमार चौधरी को सीसीटीवी कैमरा, प्रियंका कुमारी को कड़ाही, रानी कुमारी को गैस का चुल्हा, विवेक कृष्णा को केतली, समीर कुमार सिंह को सतरंज बोर्ड मिला।

**कांके विधानसभा :** डॉ जीतू चरण राम को कमल, सुरेश कुमार बैठा को हाथ, अजीत कु रवि को प्रेशर कुकर, अनिल कुमार पासवान को फलों की टोकरी, फुलेश्वर बैठा को कैंची, मधुसुदन कुमार को केतली, मुकुल नायक को सेब, राजन नायक को ब्लैक बोर्ड, संतोष कुमार रजक को बाल और हैंसिया, सुरेन्द्र मिर्धा को साइकिल, अशोक कुमार नाग को आरी, दीपशिखा कुमारी को हैलमेट, सीमा राय को बांसुरी मिला।

# जानें किस दीये को जलाने से शनिदेव समेत 9 ग्रह होंगे प्रसन्न



दीपावली दीपों का महापर्व है। इस पावन पर्व पर रूठे ग्रहों को सिर्फ मंत्रों से ही नहीं बल्कि दीये से भी मना सकते हैं। कुंडली में उनके दोष को दूर करके उनकी शुभता प्राप्त कर सकते हैं। आइए जानते हैं कि ग्रहों को बलिष्ठ करने हेतु किस ग्रह के लिए कौन सा दीया जलाया जाए –

**सूर्य** - यदि आपकी राशि में सूर्य कमजोर है, तो सूर्य को प्रसन्न कर सकारात्मक रूप से बली करने के लिए आटे का दीया प्रज्जवलित करना चाहिए। आटे का दीपक बनाकर, उसके चारों ओर मौली लपेटकर, उसमे शुद्ध घी डालकर दीप प्रज्जवलित करना चाहिए। तांबे का दीप प्रज्ज्वलित करने से भी सूर्यदेव प्रसन्न होते हैं।

**चन्द्रमा** - कुंडली में यदि चंद्र नीच अवस्था में हैं और आपके लिए अशुभ हैं, तो उसे शुभ करने हेतु चांदी के दीपक में दीप प्रज्जवलित करना चाहिए। इससे चंद्र बलिष्ठ होता है और शुभ फलदायी होता है।

**मंगल** - मंगल ग्रह की शांति हेतु जातक को चुकंदर को दीपक के आकार में काट कर उसमे शुद्ध घी की बत्ती जलाने से मंगल ग्रह सकारात्मक रूप से बलिष्ठ होता है। तांबे का दीप प्रज्ज्वलित करने से भी मंगल ग्रह शांत होता है।

**बुध** - जातक की कुंडली में बुध यदि शुभ नहीं है और हानि पहुंचा रहा है, तो जातक बुध को शुभ करने हेतु मिट्टी के दीपक में गाय का घी डालकर प्रज्ज्वलित करे। ऐसा करने से बुध ग्रह की शुभता मिलती है और वह लाभप्रद हो जाता है। बुध व्यवसाय का कारक है, इसलिए यदि बिजनेस में लाभ नहीं मिल रहा तो मिट्टी के दीपों को प्रज्जवलित कर दीपदान करने से व्यापार में लाभ प्राप्त होगा।

**गुरु** - गुरु यदि नीच अवस्था में है और नकारात्मक रूप से सक्रिय है, तो उसके प्रभाव को कम करने हेतु जातक को पीतल के दीपक में शुद्ध घी डालकर प्रज्ज्वलित करना चाहिए। गुरु शुभ फलदायी होंगे। यदि सक्षम हैं तो सोने का दीप भी प्रज्ज्वलित कर सकते हैं।

**शुक्र** - शुक्र ग्रह की कृपा प्राप्त करने हेतु जातक को चावल के आटे का दीपक बनाकर, गाय के घी द्वारा दीप प्रज्ज्वलित करना चाहिए। यदि किसी की कुंडली में शुक्र अशुभ फल दे रहा है, तो उन जातकों को नारियल के सख्त छिलके में गाय के घी द्वारा दीप प्रज्ज्वलित करना चाहिए। ऐसा करने से जातक शुक्र ग्रह की पूर्ण कृपा का पात्र होता है।

**शनि** - शनिदेव जो कि न्यायाधीश हैं, यदि यह नकारात्मक रूप से सक्रिय हैं, तो उन्हें बली बनाने हेतु जातक को लोहे से बने दीपक में शुद्ध सरसों का तेल डालकर प्रज्ज्वलित करना चाहिए। ध्यान रहे कि ऐसा ही एक दीया पीपल के पेड़ के नीचे भी रखना चाहिए। इससे शनि देव प्रसन्न होते हैं और जातक को शुभ फल देते हैं।

**राहु** - राहु ग्रह की शांति के लिए भी लोहे के दीपक में सरसों का तेल डालकर प्रज्ज्वलित करना चाहिए।

**केतु** - केतु ग्रह मंगल की तरह आचरण करता है। अतः केतु के लिए मिश्रित धातु का दीप शुद्ध घी से प्रज्जवलित करना चाहिए।

मिट्टी का दिया प्रायः सभी देवताओं के लिए पूर्णतयः उपयुक्त माना जाता है। हालांकि ग्रह विशेष की शांति के लिए उपर्युक्त प्रकार से भी जातक दीपदान कर सकते हैं।

यदि आप विभिन्न प्रकार के रोगों से ग्रसित हैं, तो पीपल के पत्ते पर शुद्ध घी कि ज्योति जलाने से समस्त रोगों का नाश होता है। इसी तरह पान के पत्ते पर शुद्ध घी का दीप प्रज्ज्वलित करने से समस्त विघ्नो का नाश होता है।

# सरल पूजा विधान से खुश होंगी लक्ष्मी

**बासुकीनाथ पाण्डेय**




दीपावली हिंदू धर्म सर्वाधिक महत्वपूर्ण धार्मिक पर्व है। दीपावली शब्द की उत्पत्ति 2 शब्दों से मिलकर हुई है दीप+आवली=दीपावली। दीप का मतलब दिया और आवली का मतलब श्रृंखला है। इस पर्व को प्रकाश उत्सव पर्व भी कहा जाता है। दीपावली की शाम को यानि प्रदोषकाल के शुभ मुहूर्त में माता लक्ष्मी,भगवान गणेश के साथ माता सरस्वती, धन के देवता कुबेर और मां काली की पूजा होती है। दिवाली की रात में पूजा में कोई कमी न रह जाए इसके लिए हम आपको पूजा की सरल और आसान विधि बता रहे हैं।

## कैसे करे पूजा?

■ स्नान करके पवित्र आसन पर बैठकर आचमन करें। फिर गणेशजी का स्मरण कर, अपने दाहिने हाथ में गन्ध, अक्षत, पुष्प, दूर्वा, धन और जल आदि लेकर दीपावली महोत्सव के निमित्त गणेश, अम्बिका, महालक्ष्मी, महासरस्वती, महाकाली, कुबेर आदि देवी-देवताओं के पूजनार्थ संकल्प करें। संकल्प मंत्र को बोलते हुए संकल्प कीजिए, 'मैं अमुक व्यक्ति अमुक स्थान और समय पर अमुक देवी-देवता की पूजा करने जा रहा हूं जिससे मुझे शास्त्रोक्त फल प्राप्त हो'।

■ सबसे पहले गणेश जी और गौरी का पूजन करिए। फिर कलश स्थापन, षोडशमातृका पूजन और नवग्रह पूजन करके महालक्ष्मी आदि देवी-देवताओं का पूजन करें। हाथ में थोड़ा- सा जल ले लें और भगवान का ध्यान करते हुए पूजा सामग्री चढ़ाएं।

■ हाथ में अक्षत और पुष्प ले लें। नवीन बही खातों पुस्तकों पर केसर युक्त चंदन से या फिर लाल कुमकुम से स्वास्तिक का चिह्न बनाना चाहिए। इसके बाद इनके ऊपर श्री गणेशाय नमः लिखना चाहिए।

■ इसके साथ ही एक नई थैली लेकर उसमें हल्दी की पांच गांठे, कमलगट्टा, अक्षत, दूर्वा व दक्षिणा रखकर, थैली में भी स्वास्तिक का चिन्ह लगाकर सरस्वती मां का स्मरण करना चाहिए।

■ जहां पर नवग्रह यंत्र बनाया गया है, वहां पर रुपया, सोना या चांदी का सिक्का, लक्ष्मी जी की मूर्ति या मिट्टी के बने हुए लक्ष्मी-गणेश, सरस्वती जी की मूर्तियां सजायें। कोई धातु की मूर्ति हो तो उसे साक्षात रूप मानकर दूध, दही ओर गंगाजल से स्नान कराकर अक्षत, चंदन का श्रृंगार करके फूल आदि से सजाएं।

- इसके ही दाहिने और एक पंचमुखी दीपक अवश्य जलायें, जिसमें घी या तिल का तेल प्रयोग किया जाता है।

■ दीपावली का विधिवत-पूजन करने के बाद घी का दीपक जलाकर महालक्ष्मी जी की आरती की जाती है। आरती के लिए एक थाली में रोली से स्वास्तिक बनाएं। उसमें कुछ अक्षत और पुष्प डालें, गाय के घी का चार मुखी दीपक चलायें और मां लक्ष्मी की शंख, घंटी, डमरू आदि से आरती उतारें। दीपावली की रात कर लें यह उपाय, पूरे साल रहेगी महालक्ष्मी की कृपा

धन्वंतरि के सर्वप्रथम उल्लेख महाभारत एवं पुराणों में मिलते हैं। विष्णु पुराण में भी बताया गया है कि समुद्र मंथन के बाद भगवान धन्वंतरि अमृत से भरा कलश धारण किए हुए निकले हैं। भगवत पुराण में ही धन्वंतरि को भगवान विष्णु का बारहवां अवतार बताया गया है। सुश्रुत संहिता दिवोदास धन्वन्तरि ने सुश्रुत आदि ऋषियों को उपदेश देते हुए बताया है कि मैं ही आदिदेव धन्वंतरि हूं और पृथ्वी पर आयुर्वेद के उपदेश के लिए अवतरित हुआ हूं। महाकाली की मूल प्रतिष्ठा औषधियों

# देवताओं और मनुष्यों का उत्सव माह दीपावली



**देवताओं** और मनुष्यों का उत्सव माह कार्तिक त्योहारों का महीना है। साल भर में सबसे ज्यादा त्योहार इसी महीने में आते हैं। इतने ज्यादा कि दिन के हिसाब से गिनती लगाएं, तो पूरे महीने में प्रतिदिन तीन त्योहार आते हैं। इनमें प्रमुख त्योहारों में धनतेरस या धन्वंतरी जयंती, श्री हनुमान जयंती, नरक चौदस, छोटी दीवाली, महालक्ष्मी पूजन, अन्नकूट महोत्सव, गोवर्धन पूजा, भाई दूज, विश्वकर्मा जयंती, षष्ठी व्रत, अक्षय नवमी, देवोत्थानी एकादशी, तुलसी विवाह, भीष्म पंचक, बैकुंठ चतुर्दशी, कार्तिक पूर्णिमा, पुष्कर स्नान और श्री गुरुनानक देव जी की जयंती आदि हैं। प्रत्येक त्योहार का अपना दर्शन और संदेश है। दोनों को मिलाकर देखें, तो धर्म और अध्यात्म का व्यावहारिक संदेश या शिक्षण मिल जाता है। उसके अनुकरण की प्रेरणा खेल-खेल में नहीं उत्सव और उल्लास के माहौल में मिल जाती है।

स्कंद पुराण में लिखा है कि धर्म का आधार लेकर भी जो धन कमाते हैं, उसका दसवां हिस्सा पुण्य-परमार्थ व ईश्वरीय कार्य में लगाया जाए, तो ही शुद्ध होता है। कई लोग अपनी सुख-सुविधाओं और बच्चों के लिए लाखों रुपये व्यय करते हैं, परंतु धन का त्याग धर्म कार्य हेतु नहीं करते हैं। उनका वही धन दुर्घटना या रोग में स्वत? ही सूद के साथ व्यय हो जाता है। साधना का अर्थ है- तन, मन और धन का त्याग। कहने पर लोग तुरंत कह देते हैं कि तन और मन से क्या कर सकते हैं? जो व्यक्ति स्थूल धन का त्याग नहीं कर सकता, जो ईश्वर प्रदत्त है, वह सूक्ष्म मन, बुद्धि और अहंभाव का क्या त्याग करेंगे।

### देव दिवाली

कार्तिक मास की पूर्णिमा को देव दिवाली और इससे पंद्रह दिन पहले, मनाई गई दिवाली को प्रायः सभी जानते हैं, लेकिन देव दिवाली का स्वरूप सामान्य होते हुए भी महत्व असाधारण और विशिष्ट है। लोग इसे त्रिपुरारी पूर्णिमा के नाम से भी जानते हैं। दिवाली के समय भगवान विष्णु निद्रा में लीन होते हैं, इसलिए लक्ष्मी की पूजा उनके बिना ही की जाती है। मान्यता है कि देवउठनी ग्यारस को भगवान विष्णु के उठने के बाद सभी देवों ने भगवान विष्णु और माता लक्ष्मी की आरती उतारी, इसलिए यही देव दिवाली है। इस दिन गुरु नानक जयंती भी होती है।

### त्रिपुरारी पूर्णिमा

त्रिपुरारी पूर्णिमा के दिन ही भगवान शंकर ने त्रिपुरारी नामक राक्षस का संहार किया था। इस दिन भगवान शंकर को तुलसी और भगवान विष्णु को बेलपत्र अर्पित किया जाता है। इस दिन मंदिरों में दिये जलाए जाते है। देव दिवाली से चार दिन पहले देवोत्थान एकादशी कार्तिक, शुक्ल पक्ष की एकादशी को कहते हैं। दिवाली के बाद आने वाली एकादशी को ही देवोत्थान एकादशी अथवा देवउठान एकादशी या 'प्रबोधिनी एकादशी' कहा जाता है।


### देवोत्थान (देव-उठनी) एकादशी

आषाढ, शुक्ल पक्ष की एकादशी की तिथि को देव शयन करते हैं और कार्तिक,शुक्ल पक्ष की एकादशी के दिन उठते हैं। इसीलिए इसे देवोत्थान (देव-उठनी) एकादशी कहा जाता है। कहा जाता है कि इस दिन भगवान विष्णु, जो क्षीर सागर में सोए हुए थे, चार माह उपरांत जागे थे। विष्णु जी के शयन काल के चार मासों में विवाहादि मांगलिक कार्यों का आयोजन करना निषेध है। हरि के जागने के बाद ही इस एकादशी से सभी शुभ तथा मांगलिक कार्य शुरू किए जाते हैं। इस दिन तुलसी और शालिग्राम के विवाह का आयोजन होता है।

### तुलसी-शालीग्राम विवाह

तुलसी की कथा सुनकर अक्सर लोग कुतर्क भी करने लगते हैं, लेकिन पौराणिक कथा में कई गहरे दर्शन निहित है। इन कथाओं का चिंतन-मनन करने से जो सार सामने आता है, वह जीवन जीने के तरीके सिखाता है। देवी तुलसी का सत्व महान था, जो उनके असुर पति को अजेय और अमर बनाए हुए था। तुलसी ने पति का साथ न देकर विष्णु का साथ दिया। विष्णु के साथ हास-परिहास भी उनके असुरपति को हार दिला सकता था, उन्होंने परिहास किया। जब वह उसके साथ भस्म हो गईं, तो कहते हैं कि उनके शरीर की भस्म से तुलसी का पौधा बना। यह पौधा भगवान विष्णु को अत्यंत प्रिय है। हर भोग को वह तुलसी पत्र के साथ ही स्वीकार करते हैं। उनका पहला नाता उसी से है, बाकी सब तो इस सृष्टि में आने के बाद बने। कभी भी ऐसा धर्म संकट खड़ा हो, तो बिना किसी संदेह के ईश्वर को ही चुने।

# उल्लू देखना शुभ है?



**हिन्दू** धर्म में दिवाली सबसे बड़ा त्यौहार है। ऐसी मान्यता है कि साल के इस दिन यानि कार्तिक अमावस्या पर माता लक्ष्मी घर आती हैं। इसी वजह से स्वागत के लिए महीने भर पहले से ही घरों में तैयारियां शुरू हो जाती हैं। लोग अपने घरों की विशेष रूप से साफ-सफाई और सजावट करते हैं। दीपावली को लेकर कुछ मान्यताएं प्रचलित है और ऐसा कहा जाता है कि दिवाली की रात जब मां लक्ष्मी का घर पर आगमन होता है तो व्यक्ति को कुछ संकेत भी मिलते हैं। जिसे बहुत ही शुभ माना जाता है। दिवाली की रात इन संकेतों के दिखने पर घर पर कभी भी आने वाले समय में पैसों की कोई कमी नहीं रहती। आइए जानते है उन संकेतों के बारे में...दीपावली की रात को अगर आपको उल्लू दिखे तो समझ जाएं कि आपकी किस्मत चमकने वाली है। उल्लू मां लक्ष्मी का वाहन माना जाता है। ऐसे में उल्लू का दिखना शुभ संकेत है।

दीपावली वाले दिन अगर बिल्ली घर में रखा दूध पी जाएं इसे शुभ संकेत माना जाता है। यह संकेत खुशहाली का संकेत है और माता लक्ष्मी साल भर आपके ऊपर कृपा बरसाने वाली है।दिवाली की रात को छछूंदर का दिखना शुभ माना जाता है। अगर आपको भी दीपावली की रात को घर में छछूंदर दिखता है तो इसका मतलब आपको धन की कमी नहीं होगी।दिवाली वाले दिन घर में छिपकली के दिखने का मतलब है कि आप के ऊपर मां लक्ष्मी की कृपा होने वाली है।

# इन चीजों को घर से हटा दें



कार्तिक कृष्ण पक्ष अमावस्या तिथि को मनाया जाने वाला दिवाली का त्योहार विशेष रूप से माता लक्ष्मी की आराधना के लिए होता है। इस बार 31 अक्टूबर को दीपावली मनाई जाएगी। दीपावली आने से पहले ही इसकी तैयारी काफी दिनों पहले से होने लगती है। सुख-समृद्धि की कामना लिए प्रत्येक व्यक्ति हर साल दीपावली पर अपने घर की सफाई जरूर करता है, ताकि धन की देवी लक्ष्मी उनके घर में वास करे और उनकी आर्थिक परेशानी दूर हो। ऐसा माना जाता है कि मां लक्ष्मी ऐसे घर में नहीं जाती हैं जहां पर गंदगी और और अशुभ चीजें रहती है। मां लक्ष्मी को साफ-सफाई बहुत पसंद होती है। ज्योतिष और वास्तुशास्त्र के अनुसार दीपावली पर घर में टूटी-फूटी चीजें नहीं होनी चाहिए।खराब इलेक्ट्रिक समान

यदि आपके घर में कोई इलेक्ट्रिक समान खराब पड़े हैं तो उसे बनवाकर दोबारा इस्तेमाल में ले या फिर दिवाली से पहले घर से बाहर करना न भूलें। खराब पड़े ये बिजली के समान आपके सेहत और सौभाग्य दोनों के के लिए अशुभ साबित होते हैं।

### टूटे शीशे की चीजें

यदि आपके घर के किसी भी कोने में टूटा हुआ शीशा रखा है या फिर आपकी खिड़की में टूटे हुए शीशे लगे हैं तो उसे तुरंत घर से बाहर करें और उसकी जगह नया शीशा लगवाएं। घर पर टूटा शीशा रखना अशुभ होता है।छत के हिस्से को रखें साफ-सुथरा

इस दिवाली के पहले घर की छत साफ करें और पहले से पड़े हुए कूड़ा-कबाड़ या प्रयोग में न लाया जाने वाले समान को घर से बाहर कर दें।खंडित मूर्तियां

कभी भूलकर भी किसी देवी-देवता की खंडित मूर्ति या तस्वीर की पूजा नहीं करनी चाहिए। दुर्भाग्य को दूर करने के लिए दिवाली से पहले ऐसी फोटो और मूर्तियों को जरूर किसी पवित्र स्थान में ले जाकर दबा दें।बंद पड़ी घड़ी को हटा दें

वास्तु अनुसार घड़ी आपके प्रगति का प्रतीक होती है। ऐसे में बंद घड़ी निश्चित रूप से आपके उन्नति में बाधक है। इसलिए यदि घर में खराब घड़ी है तो उसे दिवाली से पहले जरूर घर से निकाल बाहर करें।

# देवी लक्ष्मी को पसंद है सफाई और रोशनी

**- डा एके सहाय**



**दीपावली** पर एक सुदर कथा है, जिसका आशय यही है कि धन की देवी महालक्ष्मी को सफाई और रोशनी पसंद है। पौराणिक कथा के अनुसार एक राजा था, लेकिन उसका राज्य रामराज्य नहीं था। प्रजा सुखी नहीं थी लेकिन रानी आभूषणों से लदी रहती थी। लोगों के पास जीवन यापन के लिए काम भी नहीं था। ऐसे में उस राज्य के एक गरीब पति-पत्नी में रोज बहस होती थी। एक दिन पत्नी ने कहा-दीवाली नजदीक है जाकर कोई काम खोजो और उस पैसे से सामान खरीदकर लाओ वरना तुम्हें घर में नहीं रहने दूंगी।' पति घर से बाहर निकला और स्वभाववश एक पेड़ के नीचे सुस्ताने लगा। कुछ देर बाद उसे नींद ने आ घेरा और जब नींद टूटी तो संध्या होनेवाली थी। वह वापस घर जाने लगा तब रास्ते में उसे एक मरा हुआ सांप दिखाई दिया। उसने पत्नी के गुस्से रूपी घाव पर नमक छिड़कने के लिए उस मरे हुए सांप को पास पड़े एक लकड़ी के ठूंठ से उठाया और घर की ओर चला। घर पहुंच कर उसने मरे हुए सांप को आंगन में रख दिया। पत्नी ने देखा तो गुस्से से लाल होकर उस उस सांप को छप्पर पर फेंक दिया।

सुबह हुई। राज्य की रानी राजमहल परिसर में बने तालाब के पास गयी और अपना रत्नजड़ित नवलखा हार किनारे रख तालाब में स्नान करने लगी। अचानक एक चील उड़ता हुआ आया और चमचमाते नवलखा हार को खाने की कोई वस्तु समझ अपने चोंच में लेकर उड़ गया। चील उड़ता- उड़ता उस झोंपड़ी के ऊपर से गुजरा, जहां मरा हुआ सांप पड़ा था। चील ने उस जगह रानी का नवलखा हार छोड़ दिया और मरा सांप लेकर उड़ गया।

निश्चित ही यह एक दैवयोग था। एक गरीब दम्पति का भाग्योदय शायद होनेवाला था। भला रत्नजड़ित नवलखा हार पाकर कौन निर्धन रह सकता था। इधर राजा ने मुनादी करा दी। डुगडुगी बजाकर घोषणा की जाने लगी कि रानी का नवलखा हार खो गया है, जो उसे राजा के पास पहुंचायेगा उसे मुंह मांगा ईनाम दिया जायेगा। गरीब दंपति की पत्नी होशियार थी। वह समझ गई कि छप्पर से उतारा गया हार रानी का है। उसने पति को राजा के महल में साथ जाने के लिए राजी कर लिया, लेकिन इस हिदायत के साथ कि पति चुप रहेगा, ईनाम वह मांगेगी।

राजा के दरबार में पहुंच कर उसने नवलखा हार राजा को सौंप दिया और राजा के कहने पर ईनाम के रूप में जो मांगा वह अद्भुत था। एक निर्धन व्यक्ति मुंह मांगा ईनाम में अपार धन-दौलत, जागीर, खेती-बाड़ी कुछ भी मांग सकता था, लेकिन अतिगरीब पत्नी ने कहा-'महाराज सिर्फ यह घोषणा और अमल करा दीजिए कि दीपावली के दिन पूरे राज्य में अंधेरा रहेगा, यहां तक कि राजमहल में भी दीया-बाती रोशनी नहीं होगी, सिर्फ मेरे घर में रोशनी जलाई जायेगी '।राजा को घोर आश्चर्य हुआ लेकिन उन्हें घोषणा करवानी पड़ी।

दीपावली का दिन आया। गरीब पति पत्नी ने पूरी निष्ठा के साथ घर की सफाई की। संध्या में अपने सामर्थ्य के अनुसार दीपक जलाकर घर को प्रकाशमय किया। धन की देवी लक्ष्मी पृथ्वी पर आई और चहुंदिश अंधेरा देखकर उस घर की ओर चली जहां रोशनी थी। अंधेरा और गंदगी बर्दाश्त नहीं करने वाली देवी लक्ष्मी एकमात्र उस गरीब के घर प्रवेश और पूजा हेतु पहुंची।लेकिन घर की मालकिन तो दरवाजे पर झाड़ू लेकर बैठी थी। देवी लक्ष्मी ने कहा-आज मेरा दिन है मुझे घर के अंदर आने दो और पूजा करो।' लेकिन गरीब स्त्री ने मना कर दिया। माता लक्ष्मी ने कहा-'बेटी बात क्या है? मुझे एकमात्र तुम्हारा घर साफ-सुथरा और प्रकाशमय मिला,मैं और कहां जाऊं ?' निर्धन स्त्री ने कहा-'एक शर्त पर आने दूंगी। शर्त यह है कि आप जब मेरे घर के अंदर आयेंगी तब फिर कभी वापस नहीं जायेंगी।' देवी लक्ष्मी ने हामी भर दी लेकिन इस शर्त के साथ कि सिर्फ दीवाली के दिन नहीं बल्कि प्रत्येक दिन इसीतरह घर को साफ-सुथरा और प्रकाशमय रखना होगा। गरीब स्त्री ने तुरंत शर्त स्वीकार कर लिया और उसके घर में उसी समय से लक्ष्मी का बास हो गया तथा पति-पत्नी भी सुखपूर्वक प्रेम से रहने लगे। इस कहानी से यह तो हम जान ही गये कि लक्ष्मी यानि सुख-समृद्धि वहीं निवास करती है जहां सफाई रहती है,रोशनी रहती है और रहता है आपसी प्रेम भाव।

